दिनांकः 09.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न–वोटों की गिनती शुरू–परिणाम आज ही जारी होगां

- राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 विधानसभा में पारित–ज़बरदस्ती या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोका जा सकेगां

- वैटलैंड सिटी उदयपुर को आर्द्र भूमि शहर मान्यता समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गयां

- राज्य में मॉनसून की सक्रियता में कमी–अगले तीन सप्ताह तक अधिकतर हिस्सों में तेज़ बरसात के कोई आसार नहीं

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आज मतदान हुआं सुबह दस बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक चलां **छह बजे से मतगणना शुरू हो गई हैं** चुनाव परिणाम आज ही घोषित कर दिया जाएगां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन परिसर में सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग कियां उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों वाला निर्वाचक मंडल करता हैं इसमें गुप्त मतदान की प्रक्रिया अपनाई जाती हैं वर्तमान में, लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 239 सदस्य हैं इस बार उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए बहुमत का आंकड़ा 391 हैं एनडीए के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन हैं वहीं इंडिया ब्लॉक की ओर से बी. सुदर्शन रेड्डी उम्मीदवार हैं

इस साल जुलाई में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा हैं

…………………

विधानसभा में आज **राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025** पारित किया गयां इसका उद्देश्य राज्य में ज़बरदस्ती या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोकना हैं ऐसी घटनाओं में दोषी पाये जाने पर 7 से लेकर 14 साल तक के कारावास और पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान भी किया गया हैं इसके तहत किसी संस्था या संगठन की ओर से अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने पर संबंधित संस्था के भवन को जांच के बाद सील या ध्वस्त किया जा सकेगां सदन में इस विधेयक पर चर्चा के दौरान अलग–अलग दलों और निर्दलीय विधायकों ने अपनी राय रखीं वहीं कांग्रेस ने चर्चा में भाग नहीं लियां

मीडिया से बातचीत में गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि हाल में ज़बरदस्ती धर्म परिवर्तन की कई घटनाएं सामने आ रही थीं इसे देखते हुए ये विधेयक लाया गया हैं

.....................

आज सदन की कार्यवाही हंगामे के कारण तीन बार स्थगित हुई प्रश्नकाल के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को खानपुर क्षेत्र से संबंधित अपराधों पर पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं मिलने पर कांग्रेस विधायक आक्रोशित हो गयें उन्होंने काफी हंगामा कियां कांग्रेस ने सदन के बाहर भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलां उसने पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव समय पर नहीं कराने के विरोध में विधानसभा परिसर में प्रदर्शन कियां

.....................

सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच काठमांडू के हवाई अड्डे बंद होने के कारण एयर इंडिया और इंडिगो सहित कई विमानन कंपनियों ने उड़ानें रद्द कर दी हैं एयर इंडिया ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए, दिल्ली–काठमांडू–दिल्ली मार्ग पर उड़ानें आज रद्द कर दी गईं इंडिगो ने कहा है कि काठमांडू आने–जाने वाली सभी उड़ानें फिलहाल स्थगित हैं एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों को अपनी यात्रा दोबारा तय करने या रिफंड का परामर्श दिया हैं

.....................

जीएसटी काउंसिल की ओर से किये गये हाल ही के सुधार आम आदमी केन्द्रित हैं इस ऐतिहासिक निर्णय से हर क्षेत्र के उद्योगों को मजबूती मिलेगीं अर्थव्यवस्था को गति देने में ये सुधार दूरगामी और क्रांतिकारी साबित होंगें आज हम बात करेंगे आवास क्षेत्र पर इसके असर कीं जीएसटी परिषद ने सीमेंट, स्टील, रेत, ईंट और सिरेमिक सेनेटरी वेयर पर कर दरें घटाई हैं इससे निर्माण लागत में कमी आएगीं क्रेडाई राजस्थान के महासचिव आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस कटौती का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगां

.....................

जीएसटी काउंसिल के इस फैसले से खासतौर पर किफायती और मध्यम श्रेणी के हाउसिंग प्रोजेक्ट को सबसे अधिक प्रोत्साहन मिलेगां इससे किफायती आवासों की मांग बढ़ेगी और कमी दूर होगीं खुदरा रियल एस्टेट को कम निर्माण लागत और बेहतर नतीजे की उम्मीद हैं इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के **सभी के लिए आवास** के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगीं

.....................

प्रवासी राजस्थानी अवॉर्ड 2025 के लिए 12 सितम्बर तक आवेदन किये जा सकते हैं विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान को गौरवान्वित करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को ये अवॉर्ड दिये जाएंगें पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस दस दिसम्बर को मनाया जाएगां

.....................

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज नई दिल्ली में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार और आर्द्रभूमि शहर मान्यता समारोह 2025 के तहत शहरों को पुरस्कार प्रदान किएं राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत एयर क्वालिटी में इंदौर, जबलपुर, आगरा और सूरत

देश में अग्रणी रहें वहीं इंदौर और उदयपुर को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली हैं इस अवसर पर श्री यादव ने 103 शहरों में वायु गुणवत्ता में हुए सुधार पर प्रकाश डालां

....................

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वार्षिक स्वच्छ वायु सर्वेक्षण अब वार्ड स्तर तक बढ़ाया जाएगां उन्होंने रिसाइकिलिंग और रियूज़ पर ज़ोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्कुलर इकोनॉमी की ओर बढ़ना होगां

....................

राज्यभर में गांव चलो अभियान 19 सितम्बर से शुरू हो रहा हैं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि दो अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के दौरान सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाया जाएगां उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, जागरूक और सशक्त बनाना हैं श्री दिलावर ने बताया कि अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं

....................

बाड़मेर में आज रेलवे शहीद मेला आयोजित किया गयां उत्तर–पश्चिम रेलवे कर्मचारी यूनियन की ओर गडरा रोड स्थित शहीद स्मारक पर ये मेला हुआं इसमें रेलवे के शहीद कर्मचारियों के बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गईं ग़ौरतलब है कि 1965 में भारत–पाक युद्ध के दौरान गडरारोड और गागरिया रेलवे स्टेशनों के बीच शहीद हुए 17 रेल कर्मचारियों की याद में हर साल 9 सितम्बर को ये मेला आयोजित किया जाता हैं

....................

कोटपूतली से पुलिस ने आज नशीली दवाईयों की खेप बरामद की हैं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि इस मामले मेंएक डॉक्टर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं इनके कब्ज़े से 29 किलो से अधिक दवाईयां ज़ब्त की गई हैं उन्होंने बताया कि सीआईडी जयपुर को कोटपूतली में परचूनी की दुकान पर नशीले कैप्सूलों की बिक्री की सूचना मिली थीं इसके बाद एक टीम का गठन कर ये कार्यवाही की गईं

....................

राज्य में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार हैं मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में मॉनसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई हैं आज केवल जैसलमेर और बाड़मेर तथा आस–पास के क्षेत्र के लिए ही बरसात का अलर्ट जारी किया गया हैं

राज्य में मॉनसून कमज़ोर पड़ने लगा है और अगले तीन सप्ताह तक अधिकतर हिस्सों में बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक, राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस दौरान पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती हैं

....................

प्रदेश में इस साल मॉनसून की भरपूर बारिश हुई हैं एक जून से अब तक 23 जिलों में असामान्य, 17 में अत्यधिक और केवल जैसलमेर में सामान्य बारिश रिकॉर्ड की गई हैं जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब तक प्रदेश में 67 सेंटीमीटर बरसात दर्ज की जा चुकी है, जबकि सामान्य

बारिश का आंकड़ा लगभग 40 सेंटीमीटर हैं अच्छी बारिश से जल स्त्रोत भी करीब 89 प्रतिशत भर चुके हैं छोटे–बड़े 693 बांधों में से 440 लबालब हैं और 160 आंशिक रूप से भर गये हैं

.....................

प्रदेशभर में 2 से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान चलेगां इस दौरान ज्यादा से ज्यादा युवाओं और महिलाओं को सहकारिता से जोड़ने के प्रयास किये जाएंगें सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने बताया कि अभियान के तहत नये पैक्स बनाने, गोदामों के लिए जमीन चिन्हित करने और ई–केवाईसी तथा अन्य काम किये जाएंगें उन्होंने बताया कि इस दौरान नये सहकारी कानून के प्रमुख प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगीं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से 1 से 7 अक्टूबर तक प्रदेशभर में समाज कल्याण सप्ताह मनाया जाएगां विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी, जिनके माध्यम से सामाजिक बुराईयों और कुरीतियों के खिलाफ जागरुकता फैलाई जाएगीं

.....................